अमर उजाला

# मेट्रो के स्मार्ट कार्ड के लिए शिविर 24 मई को

नोएडा। एक्वा लाइन पर नोएडा-ग्रेटर नोएडा मेट्रो में स्मार्ट कार्ड की सुविधा दी गई है। इसे और आगे बढ़ाने के लिए अब एनएमआरसी की ओर से 24 मई को एनएसईजेड स्टेशन पर शिविर लगाया जाएगा। यहां सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक स्मार्ट कार्ड बनाने का काम किया जाएगा। एनएमआरसी के अधिकारियों के मुताबिक एनएसईजेड मेट्रो स्टेशन के आसपास की कंपनियों में हजारों कर्मचारी रोजाना आते जाते रहते हैं। उनको मेट्रो से जोड़ने के लिए प्राधिकरण ने एक वर्कशॉप का भी आयोजन किया था। ब्यूरो